प्रेस नोट दिनांक 20.02.25
थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

थाना फतेहगंज पूर्वी #bareillypolice द्वारा स्मैक तस्कर पति-पत्नी को किया गिरफ्तार, कब्जे से 134 ग्राम स्मैक (अन्तराष्ट्रीय कीमत करीब 13 लाख रुपये), एक तमंचा व 21 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद।

आज दिनांक 20.02.2025 को फतेहगंज पूर्वी पुलिस की टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बरसाना ढाबा के बराबर मे निर्माणाधीन देवस्थान के पास से अभियुक्त मुसरत पुत्र हसमत निवासी ग्राम बेहरा थाना फरीदपुर जनपद को 80 ग्राम स्मैक व 01 तमंचा व 21 जिंदा कारतूस 315 बोर व तस्कीन बेगम पत्नी मुसरत निवासी ग्राम बेहरा थाना फरीदपुर जनपद बरेली को 54 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना फतेहगंज पूर्वी पर मु0अ0सं0 60/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

अपराध करने का तरीकाः-

गिरफ्तार अभियुक्त मुसरत पुत्र हसमत निवासी ग्राम बेहरा थाना फरीदपुर जनपद बरेली ने पूछताछ पर बताया कि मैने तमंचा करीब 1 वर्ष पहले शाहजहांपुर में एक व्यक्ति से अपनी सुरक्षा के लिए खरीदा था, स्मैक के स्त्रोत के बारे मे पूछने पर बताया कि हमने लगभग एक महीने पहले राह चलते बिहार के एक ट्रक ड्राईवर से स्मैक खरीदी थी। यह स्मैक हम लोग घूमकर एवं हाईवे पर होटलो के पास आने जाने वाले ट्रक ड्राइवरो को बेच कर मुनाफा कमाते थे। मै अपनी पत्नी को इसलिये साथ रखता हूँ क्योंकि यदि महिला साथ रहती है तो कोई शक नही करता।

गिरफ्तार अभियुक्त गण का विवरण

1.मुसरत पुत्र हसमत निवासी ग्राम बेहरा थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र 50 वर्ष।
2. तस्कीन बेगम पत्नी मुसरत निवासी ग्राम बेहरा थाना फरीदपुर जनपद बरेली उम्र 45 वर्ष।

अपराधिक इतिहास अभियुक्त मुसरत उपरोक्त-

1.मु0अ0सं0 368/2019 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना फरीदपुर, जनपद बरेली।
2.मु0अ0सं0 435/2019 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट, थाना,फरीदपुर, जनपद बरेली।
3.मु0अ0सं0 73/15 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट,थाना तिलहर, जनपद शाहजहाँपुर।
4.मु0अ0सं0 60/25 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट व 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना फतेहगंज पूर्वी, बरेली।

बरामदगी विवरण

कुल 134 ग्राम स्मैक(अन्तराष्ट्रीय कीमत करीब 13 लाख रुपये), 01 तमंचा 315 बोर व 21 जिंदा कारतूस 315 बोर।

थाना फतेहगंज पूर्वी पुलिस टीम का विवरणः-

1.प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
2.उ0नि0 हेमन्त कुमार, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
3.उ0नि0 रोहित सिंह, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
4.उ0नि0 यूटी महेशराम, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
4.का0 3277 सत्यवान सिंह, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
5.म0का0 3546 आशु कुमारी, थाना फतेहगंज पूर्वी, जनपद बरेली।
6.का0 अनुज कुमार, पुलिस लाईन, जनपद बरेली।
7.का0 मौ0 जफसर, पुलिस लाईन, जनपद बरेली।
8.का0 राज आर्यन, पुलिस लाईन, जनपद बरेली।